# कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर–I
(कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर–342304, राजस्थान)

**Krishi Vigyan Kendra, Athiyasan, Nagaur-I**
**(AGRICULTURE UNIVERSITY, JODHPUR)**

Dr. Gopichand Singh
Senior Scientist & Head

Mob.: +91 9758213377
Email:nagaurkvk@gmail.com


No.F 28 ( ) /KVK/NGR/2025-26/262–68 **Date: - 15.09.2025**

## खुली निविदा सूचना

कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर द्वारा कार्यालय पर वाहन किराये हेतु, जीएसटी में पंजीकृत, वाणिज्य कर विभाग में राजस्थान वेट अधिनियम, 2003 के अंतर्गत पंजीकृत/लाइसेंस धारी फर्मों निविदादाताओं से दर अनुबंध हेतु प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत/स्थगित/निरस्त आदि करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का रहेगा।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | आवेदन शुल्क (रू.) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कृषि विज्ञान केन्द पर वाहन किराये हेतु खुली निविदा। | 3,50,000 रू. | 7,000 रू. | 500 रू. | 25.09.2025 प्रातः 11:00 बजे तक | 25.09.2025 दोपहर 03:30 बजे |

निविदा प्रपत्र एवं शर्तें निर्धारित शुल्क जमा करवाकर कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर से कार्यालय समय में प्राप्त किये जा सकते हैं या https:/sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल तथा http://www.aujodhpur.ac.in पर देखी जा सकती है। उक्त निविदा में निर्धारित प्रपत्र में प्रत्येक कार्य की राशि पृथक–पृथक देनी होगी। निविदा के साथ धरोहर राशि नकद या डिमांड ड्राफ्ट जो Senior Scientist and Head, KVK, Nagaur के नाम से देय हो, जमा करवाना होगा, अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा की अनुमानित कीमतों में कमी या वृद्धि की जा सकती है।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
**वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष**
**कृषि विज्ञान केन्द्र**
**नागौर - I**

प्रतिलिपि सूचनार्थ
1. श्रीमान् प्रसार शिक्षा निदेशक, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
2. श्रीमान् वित्त नियंत्रक, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर,
3. कोषाधिकारी, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
4. प्रभारी अधिकारी, वेबसाइट इंचार्ज को भेजकर निवेदन है कि इस निविदा को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा करावें।
5. कमेटी कन्वेनर/सदस्य
6. नोटिस बोर्ड फार्म/कार्यालय/पंचायत समिति/.........................................
7. गार्ड फाईल


वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
**वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष**
**कृषि विज्ञान केन्द्र**
**नागौर - I**

# कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर
(प्रसार शिक्षा निदेशालय)
# कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

वाहन किराये हेतु निविदा की शर्तें

1. तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग लिफाफों में प्रस्तुत करनी होंगी।
2. वाहन चालक के पास लाईसेंस हो तथा व्यवहार कुशल एवं साक्षर हो तथा किसी प्रकार के नशे का आदी ना हो। तथा वाहन से संबंधित समस्त कागजात एवं वैध लाइसेंस चालक को अपने साथ रखने होंगे।
3. वाहन 5 वर्ष से अधिक पुराना ना हो।
4 .वाहन के बीच रास्ते में खराब होने की स्थिति में दूसरे वाहन की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
5. वाहन की किलोमीटर रीडिंग की गणना, कृषि विज्ञान केन्द्र, नागौर के कार्यालय से रवाना होकर वापस वहीं आने तक की होगीं।
6. सभी तरह के कर एवं टोल टैक्स इत्यादि के भुगतान की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
7. वाहन की खराबी अथवा वाहन चालक/वाहन के अन्य स्टॉफ के कारण यात्रा में किसी प्रकार का विलम्ब होता है तो वाहन के किराये में अनुपातिक रूप से कटौती होगीं।
8. डीजल की दरों में परिवर्तन होने पर किराये की दरों में कोई परिवर्तन नहीं होगा।
9. वाहन के टूट–फूट, दुर्घटनाग्रस्त, चोरी होने व चालान होने पर विभाग का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।
10 .वाहन वैद्य टैक्स परमिट धारक होना चाहिये।
11. कसी भी विवाद का निपटारा करने हेतु, प्रभारी अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र,नागौर, (कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर) का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा एव निविदादाता इसके लिए बाध्य होगा।
12. आप द्वारा प्रस्तुत दरें आगामी 31.03.2026 तक मान्य रहेगी। इस अवधि को पारस्परिक सहमति के आधार पर बढ़ाया जा सकता है।
13. भुगतान जब पक्षकारों के मध्य अन्यथा सहमति न हो जाए, भुगतान निविदादाता द्वारा क्रेता अधिकारी को उचित प्रारूप में सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अनुसार बिल प्रस्तुत करने पर किया जावेगा तथा सभी प्रेषण प्रभार निविदादाता द्वारा वहन किये जायेगें।
14. सफल निविदादाता की दरें क्रय कमेटी द्वारा अनुमोदित की जायेगी उन्हें समय–समय पर कार्यालय की मांग एवं आवश्यकतानुसार कार्य आदेश जारी करने पर अनुमोदित दर पर फर्म को आपूर्त्ति करनी होगी।
15. दरें शब्दों एवं अंकों में स्पष्ट रूप से लिखी जायें।
16. टेंडर कमेटी को अधिकार होगा कि वह किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत कर सकेंगे।
17. निविदा को दिनांक 25.09.2025 को 03:30 बजे खोला जायेगा। यदि किसी कारणवश निविदा नहीं खोली जाती है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदा खोली जायेगी।
18. किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत/स्थगित/निरस्त आदि करने का अधिकार वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र, नागौर के पास सुरक्षित रहेगा एवं प्रभारी अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र,नागौर के निर्णय सर्वमान्य होंगे।
19. किसी प्रकार के विवाद का न्यायिक क्षेत्र नागौर होगा।
20. सफल निविदादाता को आदेश प्राप्ति पर 5 प्रतिशत अमानत राशि जमा करानी होगी। धरोहर राशि को अमानत राशि में शामिल किया जा सकेगा।
21. फर्म ठेकेदार निविदादाता अपनी संविदा को या उसके किसी भाग को किसी अन्य एजेन्सी के लिए नहीं सौंपेगा या सब भाडे (सब लैट) पर नहीं देगा।
22. प्रतिभूति की राशि को पूर्ण या आंशिक रूप से निम्नलिखित मामलों में जब्त कर लिया जायेगा।

1. जब संविदा की शर्तों का उल्लंघन किया गया हो।
2. जब निविदादाता संपूर्ण सप्लाई संतोषजनक ढंग से करने में असफल रहा हो।
3. प्रतिभूति निक्षेप को जब्त करने के मामले में युक्तियुक्त समय पूर्व नोटिस दिया जायेगा। इस संबंध में प्रभारी आधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

23. वाहन चालक को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता अथवा अन्य किसी प्रकार का व्यय क्षतिपूर्ति आदि देय नहीं होगा।

24. वाहन उपलब्ध करने की दशा में वाहन पंजीयन, इन्शयोरेंस फिटनेस, प्रदूषण प्रमाण पत्र वाहन चालक का लाइसेंस एवं वाहन से संबधित अन्य सम्पूर्ण दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे एवं दस्तावेज अवधिपार न हों।

25. सफल निविदादाता को रूपये 500 के गैर न्यायिक स्टॉम्प पर अनुबंध पत्र देना होगा।

26. फर्म को किसी भी प्रकार का कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।

निविदादाता के हस्ताक्षर....................

मोबाइल नम्बर........................................

# कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर
# (प्रसार शिक्षा निदेशालय)
# कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

## निविदा प्रपत्र

(निविदा शर्तों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के पश्चात् ही निविदा प्रस्तुत करें)

| | |
|---|---|
| निविदा क्रम संख्या | क्रमांक एफ.28 / के.वी.के. / नागौर / 2025–26 / 262–68 दिनांकः– 15.09.2025<br>NIB Code : JAV2526A0095 |
| निविदा का नाम | केन्द्र पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु खुली निविदा |
| निविदादाता का नाम व पता | ........................................<br>........................................<br>........................................<br>मोबाईल नं.............................. आधार नं.............................. |
| निविदा प्रपत्र शुल्क | राशि 500 रूपये :– रसीद संख्या .............................. दिनांक .............................. |
| फर्म का प्रकार | मलिकाना फर्म/ भागीदारी फर्म/ कम्पनी |
| धरोहर राशि का विवरण | रुपये 7000 (अक्षरे रूपये सात हजार मात्र)(रोकड़/बैंक ड्राफ्ट)<br>रसीद सं. .................... दिनांक....................<br>बैंक ड्राफ्ट सं. .................... दिनांक....................<br>बैंक का नाम .................... शाखा.................... |

7. मैंने कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर द्वारा जारी की गई निविदा सूचना में वर्णित सभी शर्तों तथा संलग्न निविदा की शर्तों एवं अतिरिक्त शर्तों का भलीभांति अध्ययन कर लिया हैं जिसके लिये मैं बाध्यू हूं तथा मैं उन्हें स्वीकार किये जाने के प्रमाण स्वरूप मैंने हस्ताक्षर कर दिये हैं।
8. मैं निम्नलिखित कार्य को उनके सम्मुख अंकित दर (सभी करों एवं खर्चे सहित) करने एवं देने को सहमत हूं।
9. निविदादाता द्वारा दी गई दरें दिनांक 31.03.2026 तक मान्य है।

निविदादाता के हस्ताक्षर

### निविदादाता की घोषणा

मैं यह घोषण करता हूं कि जिस कार्य के लिये निविदा की गई है उसका मेरे/फर्म के पास कार्य का पूर्ण अनुभव है। यदि यह घोषणा असत्य पाई जावे तो मेरी धरोहर राशि को जब्त किया जा सकता है तथा निविदा को अस्वीकार किया जा सकता है।

निविदादाता के हस्ताक्षर

# तकनीकी निविदा प्रपत्र–2

निविदा प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति/फर्म/व्यापारी का नाम :– ...................................................................................

पूर्ण पता :– ......................................................................................................................................................

दूरभाष संख्या :–..............................................................................................................................................

ई– मेलः–...........................................................................................................................................................

1. जी.एस.टी नं.( छाया प्रति संलग्न करें)
2. आवश्यकतानुसार वाहन आपूर्ति करनी होगी।
3. शर्तों पर सहमति हेतु हस्ताक्षर मय सील।
4. सफल निविदादाता को रूपये 500 के गैर न्यायिक स्टॉम्प पर अनुबंध पत्र देना होगा।
5. निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता को रहेगा।
6. निविदा सीलबंद लिफाफे में बंद कर जमा की जावेगी। तथा तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग लिफाफे में स्वीकार किया जावेगा।
7. बिल का भुगतान माह पूरा होने के पश्चात कोष–कार्यालय, जोधपुर से बिल पास होने के बाद किया जायेगा।
8. किसी पकार के विवाद के निपटारे हेतु विवाद वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, नागौर के मध्यस्थ प्रस्तुत करना होगा एवं उनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।
9. पैन (PAN) सं. ..........................................................................................(छाया प्रति संलग्न करें)
10. परिवहन कार्यालय या ट्रेवल्स ऐजेंसी का प्रमाण पत्र, जो भी लागू हो (छाया प्रति संलग्न करें)
11. तकनीकी बिड (लिफाफा सं. 1) पूर्ण होने पर ही निविदादाता का लिफाफा सं. 2 वित्तीय बिड खोला जायेगा।

नोटः निविदा में वर्णित संपूर्ण प्रपत्र निविदा फार्म के साथ भरकर संलग्न करें।

हस्ताक्षर निविदादाता

# कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर

(प्रसार शिक्षा निदेशालय, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर)

## वित्तीय निविदा प्रपत्र

निविदादाता का नाम........................................................................................................

निविदादाता का पता........................................................................................................

मो. नं.......................................................................................................................

| क्र.सं. | वाहन का प्रकार | किराया प्रति कि.मी. मय टोल टैक्स एवं सभी कर सहित | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 100 कि.मी. तक | 101 से 300 कि.मी. तक | 301 कि.मी. से अधिक |
| 1 | Bolero DI/Neo (AC Only) | | | |
| 2 | Bolero Camper | | | |
| 3 | Toofan/ Cruiser | | | |
| 4. | Etios/Swift Dzire (AC Only) | | | |
| 3 | Bus 52-Seater (Non-AC) | | | |
| 5 | Mini Bus 32-seater (Non-AC) | | | |
| 6 | Truck 06 tyre | | | |
| 7 | Truck 10 tyre | | | |
| 8 | Mini Truck: Tata 407 | | | |
| 9 | Pick Up | | | |

नोटः–

1. निविदादाता द्वारा किराया उपरोक्त प्रारूप के अनुसार किराया दर रूपये प्रति किलोमीटर के रूप में ही लिखा जाना अनिवार्य है तथा निविदा प्रारूप से भिन्न दर या शर्तें इंद्राज करने वाले करने वाले निविदादाता की निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा निविदा रद्द कर दी जायेगी।
2. निविदादाता खुली निविदा प्रारूप में चाहीं गई सूचना ही इंद्राज करें।

G.C.Singh

हस्ताक्षर निविदादाता

मय मोबाईल नम्बर

निविदादाता द्वारा दिया जाने वाला घोषणा पत्र 50 रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पर

आप द्वारा आमंत्रित खुली निविदा क्रमांक.................दिनांक............ के तहत मेरे /हमारे द्वारा प्रस्तुत निविदा के संदर्भ में हम राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 के खण्ड 7 के अंतर्गत यह घोषणा करते हैं कि

मैं/हम यह घोषणा करता हूँ/करते है कि जिस कार्य के लिए निविदा की गई है उसका मेरे/संस्था के पास कार्य का पूर्ण अनुभव हैं। यदि यह घोषणा असत्य पाई जावे तो किसी भी अन्य कार्यवाही जो की जा सकती है पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना मेरी/हमारी धरोहर राशि को पूर्ण रूप से जब्त की जा सकती है तथा निविदा को जिस भाग/सीमा तक स्वीकार किया गया है को रद्द किया जा सकेगा।

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते है, कि मैंने/हमने प्लेसमेंट कार्य/सेवा ईकाई की जहाँ कहीं भी आंपूर्ति की है, उस आपूर्ति में विगत 3 वर्षों में आपूर्ति सेवा ईकाईयों के संतोषप्रद कार्य न करने/होने के कारण मुझे/हमें किसी भी सरकारी विभाग/उपक्रम/कम्पनी द्वारा ब्लैकलिस्ट नही किया गया है।

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते है, कि मेरा/हमारा किसी भी न्यायालय में सेवा प्रदायगी में Defaulter/दोषी का कोई वाद लम्बित नहीं है तथा विषयान्तर्गत मुझे/हमें किसी भी न्यायालय द्वारा दण्डित नहीं किया गया है।

स्थान :– ............................

दिनांक :–...........................

निविदादाता के हस्ताक्षर